
# CUJ Newsletter

Ranchi, 15 August 2022 | A Publication of Central University of Jharkhand | Issue-02, Page-01



बिरसा मुंडा

# आजादी का अमृत महोत्सव : जश्न से सराबोर सीयूजे







रांची। झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय में आजादी का अमृत महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान हर घर तिरंगा, तिरंगा यात्रा, पौधरोपण, पाठयसामग्री वितरण, सांस्कृतिक संध्या, लघु नाटक और निबंध लेखन सहित कई कार्यकमों का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के शिक्षकों, अधिकारियों, कर्मचारियों और विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

## हर घर तिरंगा



## मोदी@20 : ड्रीम्स मीट डिलीवरी

रांची। झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय के ब्रांबे स्थित सभागार में मोदी@20: ड्रीम्स मीट डिलीवरी पुस्तक का लोकार्पण सह परिचर्चा का आयोजन किया गया। इस परिचर्चा के दौरान इस पुस्तक मे निहित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 20 वर्षों की राजनीतिक यात्रा पर चर्चा हुई। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पूर्व लोकसभा उपाध्यक्ष कड़िया मुंडा उपस्थित थे।



मुख्य अतिथि कड़िया मुंडा ने प्रधानमंत्री मोदी के जीवन से जुड़ी कुछ प्रेरक बातें साझा की। उन्होंने बताया कि किस प्रकार प्रधानमंत्री मोदी ने अपने गृहस्थ आश्रम का त्याग कर देश के विभिन्न हिस्सों में विविध संस्कृतियों की खोज करते हुए, भारत के विशाल परिदृश्य की यात्रा की। इस यात्रा में, उन्होंने शासन और नीतिगत निर्णयों के माध्यम से सामाजिक मुद्दों को हल करने के लिए अपने दार्शनिक तरीके विकसित किए। उन्होंने बताया कि मोदी@20 पुस्तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दो दशकों के कार्यकाल पर एक व्यापक रूप प्रदान करती है और भविष्य के नेताओं के लिए एक संदर्भ के रूप में काम कर सकती है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. क्षिति भूषण दास ने अर्थशास्त्र के मूल सिद्धांतों को प्रधानमंत्री मोदी कि योजनाओं से जोड़ा। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी के सामाजिक, शैक्षणिक, वैज्ञानिक या आर्थिक सभी क्षेत्र में लोककल्याण निहित है। प्रो. दास ने बताया कि देश के सभी क्षेत्रों से कई विद्वान और प्रतिष्ठित व्यक्तित्वों ने पुनरुत्थान और पुष्टि को लिखा है। इस सूची में सुरजीत भल्ला, प्रो. अरविंद पनगढ़िया, अशोक गुलाटी जैसे अर्थशास्त्री, डॉ. देवी शेट्टी और डॉ बरई जैसे डॉक्टर शामिल हैं।

इसके साथ ही उपन्यासकार अमीश त्रिपाठी, आध्यात्मिक नेता सद्गुरू, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल, बैंकर उदय कोटक, समाज सुधारक सुधा मूर्ति, गृह मंत्री अमित शाह, विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर, पी.वी सिंधु, फिल्म अभिनेता अनुपम खेर जैसे हस्तियों ने प्रधानमंत्री मोदी के बारे में अपने–अपने दृष्टिकोण से लिखा है। प्रो. दास ने कहा कि वे सभी उनकी करिश्माई भारतीयता को साझा करते हैं, जिसे राष्ट्रवाद और राष्ट्र प्रथम के रूप में जाना जाता है। कार्यक्रम के अंतिम चरण में विश्वविद्यालय के शिक्षाविदों द्वारा एक पैनल चर्चा का आयोजन किया गया।

# Flexibility is the key to success for CUJ

**Prof. R.K. Dey, Director, IQAC**



Introduction of National Education Policy 2020 envision interdisciplinary research, connection to industry and internationalization of university education. In this context, the policy emphasized upon critical thinking, creativity, communication and collaboration. University education provides a pathway for socio-economic mobility and Central University of Jharkhand (CUJ), being a public-funded University, has a greater role to play.



Effective implementation of NEP requires a holistic approach. Curriculum design and introduction of range of industry oriented courses are few most important steps to achieve the objective in incorporating innovation and flexibility that can bridge the gap between academics – industry. The new module of the change can give the students necessary skills to enhance employment opportunity. It may be noted that the new format of education has already initiated significant changes in course curriculum as well as delivery.

Flipped classrooms and utilization of Massive open online courses (MOOCs) allowed students to engage in pre-class learning at their own pace. Some specialization that can be introduced at post-graduate level with promising industry-academia cooperation include Entrepreneurship, Quality Engineering design and manufacturing, Data science and engineering, Artificial Intelligence and machine learning, Financial engineering. Similarly, courses like Agricultural Engineering, Diary technology are some of the programmes that can find good acceptance in states like Jharkhand.

With enlargement of digital health care facilities, disease diagnosis becomes increasingly important, therefore, existing Department of CUJ can facilitate the introduction of programmes like computational biology, genomics, bioinformatics, which are purely interdisciplinary in nature and require domain knowledge. These courses can create a wide array of opportunities in pharma companies offering R&D positions.


In every course/programme, optimal combination of elements of entrepreneurship and humanities/social science can help to achieve right kind of social inclusiveness. Further, equipping students with much needed skill-sets and professionalism can prepare them to face new challenges in job market.

Some of the vocational courses like software development, banking-financial services and insurance, renewable energy technology, cultural heritage, journalism, retail management, photography, social research, digital marketing, agriculture management can be afforded using existing facilities.

The success of all such courses depends upon competency-based learning in which teacher shall have to bring a change in their methods of teaching focusing on capability to use a set of related knowledge, skills and abilities to perform the given task in a time bound manner. In any improvement, quality is the key factor.



तिलका मांझी



तेलंगा खड़िया








सिदो कान्हू

# Right to Equality: From Dream to Reality

Dr. Rajashree Padhi, DIR



The world celebrated the international women's day emphasizing" Gender Equity for a Sustainable Tomorrow" on 8th March, 2022. Women's socio economic and political achievements and sacrifices are highlighted and the democratic states reached to the consensus to bring reforms in right to equality in each aspect of woman's life. The global leaders including India determined to empower their women to break the bias against them and heads towards creating a world without gender discrimination.

India, a global signatory of gender equity emphasized policy reforms in ensuring the cultural changes from patriarchy to a society that embraces gender parity. These reforms are visible in increasing the marriage age of girls from 18 to 21 years, defining female foeticide as a hilarious crime, enforcing uniform civil code/banning triple talaq, ensuring right to property to women, reforms in labour laws, promoting gender equity along with secured workplace. The nation envisioned wider women's participation in different aspects of state affair with maximum women political and economic leaders, research scientists, sport persons, legal authorities, security services. Thus, with right to equality ensured, the women would play a wider and different role in nation building.

# Journey of Business Administration

Prof. Bhagwan Singh, DBA

The Department of Business Administration (DBA), School of Management Sciences (SMS), Central University of Jharkhand (CUJ) was established in 2009 is now providing Ph.D. Program in Management and the two year full time Master of Business Administration (MBA) programme.





The mission of the Department is to encourage critical thinking that leads to a deeper understanding of management and develop world leaders whose ideas and actions can change the world. The vision of the Department is creating a department which carries out cutting edge research in to business practices of small, medium and large enterprises; translate the same into teaching and co-curricular activities resulting in world class industry ready students with honesty, integrity, result and relationship orientation.

The DBA believes that an Investment in Knowledge always pays the best Interest. The faculty members team here is an eclectic mix of knowledge domains in the field of Management with renowned name in academia with a repute in the industry. The total strength in MBA program is 122 (66 in each year). The Department boasts of excellent admission and the seats are always oversubscribed. The selection of these aspiring managers is rigorous. The current batch of MBA-2021 posses 62 budding managers. The MBA Batch 2020-22 have undergone Summer Internships, exposed through Industrial visits and placed through Campus recruitment in multiple globally recognized organizations and institutions. DBA has many accolades to its credit. Many students have qualified the exams of NTA UGC-NET and JRF. Also, some students have done extremely well in higher studies and have acquired faculty positions in many institutions of repute. Besides the alumni of the department are working in reputed organizations like SAIL, ONGC, IOCL, SBI, PNB, HREL, Bank of Baroda, Airport Authority of India etc.

All together 18 Research Scholars are enrolled in PhD Program of the department Their area of research has been in the latest and current domain. The future plans of the department are to launch an Executive MBA Program in 2022-23, commence an Executive PhD Program, MBA in Agri-Business & MBA is Tourism are pending for Notification and B.Voc. courses which are in pipeline.

# Cyber Awareness for Happy Life

Dr. Rabindranath Sarma and Amit Kumar, DTS



The small psychological tricks, a well-played game by the Cyber Criminals can take away the happiness of the people in just seconds. People belonging to any profession from rural to urban region have been or are being trapped each and every day. Cyber Crime has become a new normal in our life, and we do not report it anywhere because of lack of awareness or shamelessness. A person with living a simple and happy life just lose their happiness as they get trapped into the cyber deceptions and cybertrespass.

The crime that is committed with the help of computers, mobile phones and related electronic devices is called Cyber Crime. The four categories of cybercrime are cybertrespass, cyberdeceptions & thefts, cyber pornography, and cyberviolence. Through hacking, cybertrespassers harm the property of others. Cyberdeceptions and thefts include using information technology, such as telecommunication scams, to steal money and property.



Cyberpornography violates the rules governing obscenity and decency, while cyber violence uses psychological manipulation on a digital platform to incite physical damage against other people.

In the current world, crime is frequently practised via technology. Cybercrime is no longer a novel concept; in today's digital environment, it has taken on a new normality. There are several industries where cybercrime occurs on a daily basis. The quick adoption of digital technology has led to increased access to information, better living circumstances, and ease of doing business. The growing use of digital technology has greatly benefited people, but at the same time, cybercrime has made the modern digital world less secure. India has experienced a sharp rise in the prevalence of cybercrime since 2013. According to a CNN-News18 news article, there were 5,693 reports of cybercrime in 2013, and it increased to 50,035 by 2020.

In India, there were 1,343 reports of internet banking fraud in 2013 compared to 4,047 in 2020. There is a significant discrepancy between reported and unreported crime in India, regardless of the field. According to Computer Emergency Response Team (CERT-In), the number of cyberattacks in India increased by almost 300 % between 2019 and 2020, from 3,94,499 to 11,58,208. It is time to upgrade and update everyone to be safer in the virtual world.

# Cyber Security

Anupam Kumar, Technical Cell



Computer Security becomes important for cyber security. Computer Security is the process of detecting and preventing any unauthorized use of your laptop/ computer. It involves the process of safeguarding against trespassers from using your personal or office based computer resources with malicious intent or for their own gains, or even for gaining any access to them accidentally.

**Tips to Protect Computer**

**Tip 1:** You are a target to hackers. Use a firewall.

**Tip 2:** Keep software up-to-date.

**Tip 3:** Avoid phishing scams. Beware of suspicious emails and phone calls.

**Tip 4:** Practice good password management.

**Tip 5:** Don't open suspicious attachments or click unusual links in messages.

**Tip 6:** Never leave devices unattended.

**Tip 7:** Safeguard protected data.

**Tip 8:** Use end point security/antivirus software and keep it updated.

**Tip 9:** Stay away from pirated material.

**Tip 10:** Back up your data.

# 'अबुआ राज' के महानायक बिरसा मुंडा

डॉ. अमृत कुमार, जनसंचार विभाग



धरती आबा बिरसा मुंडा ने महज 15 साल की उम्र में यह समझ लिया था कि ईसाई मिशनरियों का एजेंडा केवल शिक्षा देना ही नहीं, मतांतरण करवाना भी था और बिरसा इसके विरोध में थे। उनका मानना था कि अपनी धर्म–संस्कृति के साथ ही अबुआ राज को प्राप्त किया जा सकता है। बिरसा लगभग पांच साल तक वैष्णव संत आनंद पाड़ के भी साथ रहे। वह उन्हें अध्यात्म, धर्म, दर्शन आदि विषयों के साथ विभिन्न रोगों के उपचार में काम आने वाली जड़ी बूटियों के बारे में ज्ञान देते थे। इसके पश्चात वह अपना जीवन लोगों की सेवा तथा अंधविश्वास को दूर करने में लगाने लगे।



उन्होंने आदिवासियों से कहा कि रोग को लेकर काफी अंधविश्वास फैला हुआ है। हमें अंधविश्वास को छोड़ना होगा तभी हमारे अंदर एकता आएगी। बिरसा एक अच्छे चिकित्सक भी थे। वह लोगों को रोगों से मुक्ति दिलवाते थे। धीरे–धीरे आदिवासियों को विश्वास होने लगा कि जब बिरसा उनके साथ है तो उनके दुखों का अंत होगा। बिरसा ने लोगों से मांसाहार–मद्यपान छोड़ने का आह्वान भी किया था। हडिया–दारू का सेवन करवाकर जमींदार, साहूकार, मिशन तथा दिकू लोग आदिवासियों की जल, जंगल, जमीन पर कब्जा कर लेते थे। अतः उन्होंने इसे नहीं पीने को कहा। इस प्रकार उनके अनुयाइयों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही थी।

बिरसा ब्रिटिश सरकार के लिए लगातार चुनौती बने रहे, लेकिन अंततः तीन फरवरी 1900 को भितरघात का शिकार होने के पश्चात उन्हें उस समय गिरफ्तार किया गया, जब वह गहरी नींद में थे। उन्हें रांची स्थित कारागार में रखा गया, जहां घोर यातनाएं दी गईं। नौ जून, 1900 को रहस्यमयी स्थितियों में वह बलिदान हो गए।

इसके बाद भी उनके आंदोलन का असर बना रहा तथा भूस्वामित्व को कानूनी मान्यता देने के लिए ब्रिटिश सरकार को छोटानागपुर टेनेंसी एक्ट लाना पड़ा। आगे चलकर देशवासियों ने स्वतंत्रता संग्राम की लड़ाई में बिरसा के सामाजिक सुधार, अंधविश्वास का खात्मा, मद्यपान निषेध, अपनी संस्कृति और धर्म इत्यादि के मंत्र को अपनाकर बिरसा के अबुआ राज को पूरा करने का प्रयास किया। आज भी उनके विचार देश के विकास की नीतियों को बनाने के दृष्टिकोण से प्रासंगिक बने हुए हैं।



फूलो-झानो






# कर्तव्य सर्वोपरि

डॉ राजेश कुमार, जनसंचार विभाग

विश्व के सबसे बडे लोकतंत्र भारत में नीतियों के निर्धारण और उनके सफल कार्यान्वयन के लिए हर नागरिक को अपना कर्तव्य निर्वहन करना चाहिए। हम सभी की नैतिक जिम्मेदारी बनती है कि ईमानदारी से अपने कर्तव्य का निर्वहन कर एक सशक्त राष्ट्र के निर्माण मे अपना योगदान दें। अपने अधिकारों के प्रति जागरूकता जरूरी है, लेकिन कर्तव्य का निर्वहन सर्वोपरि है।

उल्लेखनीय है कि भारत निर्माण की इस प्रकिया मे देश की सभी संस्थाओं का अमूल्य योगदान रहा है। ये संस्थान हमारे देश की धरोहर हैं, जहा हम भारत का भविष्य गढ रहे हैं। इन संस्थानों में काम करने का अवसर हमारे लिए गौरव की बात है। ऐसे में कर्तव्यनिष्ठता, ईमानदारी और तन्मयता के साथ किसी संस्थान के विकास मे योगदान देना राष्ट्र निर्माण है।



उदाहरण के तौर पर हम सभी को झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय में काम करने का अवसर प्राप्त हुआ है। हमारा विश्वविद्यालय अतीत की यादों के साथ, वर्तमान के कर्तव्य पथ पर चलते हुए, सुनहरे भविष्य की नींव गढ रहा है। हमारे विश्वविद्यालय की प्रतिष्ठा बनाना और उसे संजोए रखना एक सतत और सामूहिक प्रकिया है। इसके लिए हर स्तर पर कर्तव्य निर्वहन के साथ ईमानदार प्रयास करने की जरूरत है। संस्थान के प्रति अपनेपन का भाव, आपसी सहयोग और एक बेहतर कार्य संस्कृति के काफी सकारात्मक परिणाम हो सकते हैं।

यहा इस बात का जिक करना जरूरी है कि हम सभी विभिन्न विचारो, मान्यताओं, और धारणाओ को मानते हैं और अपनी जीवनशैली में आत्मसात करते हैं। इस नाते कई मुददों पर विचारों मे विविधता स्वाभाविक है। हमारे बीच कई मुददों को लेकर मतभेद हो सकते हैं, लेकिन मनभेद नही होना चाहिए, जो किसी भी संस्थान के विकास में बडी बाधा है। झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय को बहुत आगे जाना है। इस लंबे सफर में कई सहयोगी आएंगे और जाएंगे, लेकिन हमारा नैतिक कर्तव्य है कि हम सभी एक साथ मिलकर सोचें, काम करें और एक श्रेष्ठ संस्थान के निर्माण में अपना योगदान दें, जो हमारी आने वाली कई पीढियों के उज्जवल भविष्य का मार्ग प्रशस्त करेगा। **समन्वयक, एक भारत श्रेष्ठ भारत।**

# मांदर की थाप पर झूमा विश्वविद्यालय



रांची। झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों द्वारा विश्व आदिवासी दिवस का आयोजन विश्वविद्यालय के ब्राम्बे स्थित प्रेक्षागृह मे किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रभारी कुलपति प्रो आरकेडे ने वाद्ययंत्र मांदर पर पुष्प समर्पित कर किया। प्रो डे ने कहा कि हमें आदिवासियों से सादगी और ईमानदारी की शिक्षा लेनी चाहिए ।

इस दौरान विश्वविद्यालय के छात्रों द्वारा उरांव स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। नैनोटेक्नोलाजी विभाग के सहायक प्रोफेसर डॉ रमेश उरॉव ने आदिवासी दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला। जनसंचार विभाग के सहायक प्रोफेसर डॉ अमृत कुमार ने 'आदिवासी जल जंगल जमीन के साथ ही उनके प्रकृति प्रेम पर चर्चा की। विश्वविद्यालय में कार्यरत ग्रामीण आदिवासी महिलाओं ने उरांव गीत एव संगीत प्रस्तुत किया।

विश्व आदिवासी दिवस पर फोटोग्राफी एवं चित्रकारी प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। चित्रकारी में शिक्षा विभाग की मनीपा सतपति एवं प्रेमजन प्रधान को पुरस्कृत कियागया। वहीं फोटोग्राफी में कोरियन विभाग की यशिका लकडा को पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर डॉ निर्मली बोरदोलोई, डॉ साइमन वातरे संगमा के साथ विश्वविद्यालय के शोधार्थी एव विद्यार्थी भी मौजूद थे। कार्यकम का संचालन अर्जुन माझी, संतोप उराव, बबन तिग्गा, सिदाम हांसदा, प्रशांत टुडू, बिनीता तिग्गा, साक्षी एव अन्य छात्रो द्वारा किया गया।

## Public Participation for Disaster Risk Management

**Ranchi**. National Institute of Disaster Management collaborated with the Department of Geoinformatics, CUJ to organise three days virtual training program on Public Participation for Disaster Risk Management from 18-20th July, 2022. This Training Program has given a platform to various stakeholders to share their knowledge for disseminating various aspects of Disaster Risk Management & DRR with the help of satellite data and Geo spatial technologies. Eminent disaster experts and academicians like Shri Tej, and esteemed distinguished speakers from academia & industry Dr. N Purnachandra Rao, Dr. S. P Kushwaha, Prof. A.C. Pandey and Dr. Bikash Ranjan Parida have addressed the participants. The keynote address was given by Prof. Surya Prakash, Chairperson of Training and briefly highlighted the process of DRR.

## Best Research Paper Award in International Conclave

**Ranchi.** Rajiv Gandhi University (A Central University) in Arunachal Pradesh had organised Three Day Trans-Disciplinary International Conclave titled 'HAPPY MEDIATECH-2022' on Universal Happiness in Post-truth Era-Market, Media, Technology, and Global Well-Being: An Educational Perspective for Gen-Next" from April 27-29, 2022. The theme was to revolve around the Happiness in the current world. They shared the meaning of Happiness in the life at the International Happiness Conclave. In this conclave more than 150 papers have been presented in the conclave through both offline and online mode. Mr. Amit Kumar (PhD Research Scholar) working under the supervision of Dr. Rabindranath Sarma (Associate Professor), Department of Tribal Studies, has won first prize in Best Paper Presenter Award and bagged "Social Justice Award" in this International Happiness Conclave. He presented Paper on Cyber Crime and Cyber Security Keeping in View of Cyber Capital, Jamtara.

# Campus Drive



**Ranchi.** In coordination with the Training & Placement (T&P) cell of CUJ, the campus placement drive was initiated and arranged by Dr. Bikash Ranjan Parida and Dr. Chandra Shekar Dwivedi in the Department of Geoinformatics at CUJ under supervision of Prof. A.C. Pandey.

Each department placement coordinators, namely Dr.Bhaskar Singh (DEVS), Dr. Sachin Kumar (Energy Eng.), Dr.Nitesh Bhatia (DBA), Dr. Shikha Chaurasia (Water Engineering) actively supported the placement drive and further logistic support was extended by Prof. (Dr.) Bhagwan Singh, Chief Placement Officer and Mr. KD Tiwary (AR Placement Cell).

A total of 49 students registered for the campus drive across six departments of CUJ, such as Business Administration, Energy Engineering, Environmental Sciences, Geoinformatics, Geography, and Water Engineering & Management. Among 49 registered students, 42 students have participated in Group Discussion (GD). After the GD, only 25 students have been selected for Personal Interview and Technical Interview.

Finally, 11 students have been offered job at EKI Energy Services at Indore with 02 students underthe waiting list. The EKI has offered a package of 5.5 Lakhs per annum for MBA (Sales & Marketing) and 4.0 Lakhs per annum for students of postgraduate in subjects of Environmental Sciences, Geoinformatics, Geography, Water Engineering & Management, and Energy Engineering.

# Skill Development for Tribal People

**Sandeep Kumar**

Central University of Jharkhand (CUJ) has signed an MoU with National Institute for Entrepreneurship and Small Business Development. The initiative will pave the way for the development of skill, innovation and start-ups and will contribute for the quality of life of tribal people in Jharkhand.




Central University of Jharkhand has to play a key role in coordinating with various agencies for effective implementation of the various initiatives of the central as well as state government under this MoU.

It will create a work force empowered with the skill, knowledge and nationally recognized qualification to gain access to decent employment among the tribal population as well as increasing the productivity and employability of work force.

It is the responsibility of CUJ to enhance livelihood resources of the tribal families through skill development programme in agriculture, forestry, horticulture, dairying, veterinary and other skill enhancement activities and to address the opportunities and challenges among the deprived tribal to meet new demands of changing economics and new technologies. Establishment of Centre for Skill Development for Tribal People of Jhakhand in CUJ will ensure to seek increased participation of tribal youth and disadvantaged section and to synergize efforts of various sectors and enhance the capability to adapt to changing technologies and labour market demands.

# ISRO Disaster Management Progr

**Prof. A.C. Pandey, Dr. Bikash Ranjan Parida & Dr. Chandra Shekhar Dwivedi**

ISRO's Disaster Management Support Programme (DMSP) has actively supported the Central and State governments by providing operational services during the pre-disaster, disaster, and post-disaster timeframes, including experimental forecasts, utilising space technology.

There is a need for improved research in the field of disaster management in order to meet the Sendai Framework's objectives of action for lowering catastrophe risks. In this context, the Department of Geoinformatics secured a project on "Permafrost destabilization induced mass wasting vulnerable zones modelling in higher Himalayan regions" with a sanctioned cost of ₹ 39.2 Lakhs and approved on 14 March 2022 for 3 years (2022-2025).

The PI of the project is Prof. AC Pandey and Co-PIs are Bikash Ranjan Parida, Chandra Shekhar Dwivedi from CUJ and Dr. Reet Kamal Tiwari from IIT-Ropar. The project was funded by ISRO, Department of Space (DOS) with one JRF for 3 years.

इसरो ISRO

In high mountain regions, there are many forms of glacier and permafrost hazards such as outbursts of glacier lakes leading to floods and debris flows, ice break-offs and ice avalanches from steep glaciers, stable and unstable glacier length variations, destabilisation of frozen or unfrozen debris slopes, and destabilisation of rock walls. The current climatic change indicated pronounced changes in ice cover and repeated rock and ice avalanche events since around 1990.



# सृजन



August 2022, Issue-2, Page- 4

## हमारा विश्वविद्यालय

हमारा विश्वविद्यालय विवेक और ज्ञान का संगम।
प्राविधिक उच्च शिक्षा और प्रगति सौपान का उद्गम।।
पुण्योदय बिरसा सिदो कान्हू का जहाँ होता है अवतरण।
हो सरहुल उराँव मुंडारी संथाली आंगल हिंदी का संगम।।
हमारा विश्वविद्यालय विवेक और ज्ञान का संगम
विश्वव्यापी धरातल पर सर्व उत्थान का सपना।
सुनियोजित देश के कल्याणार्थ ज्ञान हो अपना।।
कुशल कौशल सही सोच को करें हम सब हृदयंगम।
हमारा विश्वविद्यालय विवेक और ज्ञान का संगम
नवसृजन की तीव्र उत्कंठा हर एक मन में समाहित हो।
लगे परिवार सब अपना प्रगति की लहर छाई हो।।
होवें सम्पूर्ण गुणवत्ता हृदय की कामना अनुपम।
हमारा विश्वविद्यालय विवेक और ज्ञान का संगम
हमारी प्राविधिक उच्च शिक्षा सुमानव मूल्य रखती हो।
हमारा ध्यान महिमा देश की बुनियाद रखती हो।।
अमर गुण ज्ञान प्रशिक्षण से मिटें अज्ञानता का तातम् ।
हमारा विश्वविद्यालय विवेक और ज्ञान का संगम
आनन्द नवल चेतना से प्रेरित लगे हम जीव प्रकृति कल्याण में।
मानवताहित प्रकृति के संग जुड़े हम सब आत्मनिर्भर राष्ट्र निर्माण में।।
होवें प्रेरणा स्रोत हमारा ज्ञानात् हि बुद्धि कौशलम्।
हमारा विश्वविद्यालय विवेक और ज्ञान का संगम।।

**...कुमार ऋषिकेश आनंद**

## प्रकाश और अंधेरे की दुनिया

समाज, संस्कृति और इतिहास के
आइने में सिमटा,
प्रकाश और अंधेरे की दुनिया
कहानिया कहती हैं
उन अनछुए पहलुओं की
उन घटित महान घटनाओं की
जिसने उन्हें यह रूप, संगठन और
संस्कृति प्रदान की।
कहानियां कहती हैं
उस दुनिया की
जिससे एक धड़ा आज भी जुड़ा हुआ है
संस्कृति और जीवन के दर्शन के साथ
प्रकृति में प्रकृति मानव–आत्मा–परिसर के साथ
जहां उनके पूर्वजों ने सीखा
आग और पहियों का प्रयोग
शिकार और अपने अस्तित्व की रक्षा हेतु
सह–अस्तित्व एवं सामुदायिकता की भावना
क्रमशः आगे बढ़ते हुए रखा
अपने परिवार, समाज एवं संस्कृति की नींव।
प्रकाश और अंधेरे की दुनिया
समय की धारा में
उछलती रही कूदती रही
वक्त के साथ
नष्ट एवं परिष्कृत भी होती रही!
पृथ्वी के पटल पर
अंधेरे का अस्तित्व भी बचा रहा
और प्रकाश का भी!
परन्तु अस्तित्व का संकट और
संक्रमण का दौर
विद्यमान रहा हर एक दौर में
गतिमान बादलों की तरह
जिसमे आकृति भी और पहेली भी
जिसमें क्षणभंगुरता भी हैं और निरंतरता भी!
15वीं से 20वीं सदी के अंत तक
अंधेरे की दुनिया मे
प्रकाश की दुनिया ने
कुछ अजीबोगरीब कारनामों का दौर शुरू किया
जिसके डर के साये में
अपने अस्तित्व को बचाने के प्रयास में
अंधेरी दुनिया के वासियों ने
अंधेरे को ही अपना लिया
जहां उनके महान पूर्वजों ने
समाज एवं संस्कृति को गढ़ा
उन्होने उचित समझा
अंधेरे में ही शुरू होना
और अंधेरे में ही समाप्त हो जाना!
फिर अपने गांव–समाज के भीतर
अपने परिवार से जुड जाना
पर जब कभी वे अंधेरे से बाहर निकलें
प्रकाश में विलुप्त हो गयें।
हकीकत अंधेरे की पहचान
उन्होंने अंधेरे को ही अपना लिया
गढे अपने संस्कृति वहीं
पत्थरों के बीच, पानी के पास
वे पानी रोपते पानी पीते
पत्थरों पर अन्न उपजाते
जंगल के पशु–पक्षियों के बीच गीत गाते
पैरों से पत्थरों को सहलाते
और दुनिया से कदम–ताल मिलाते !
मुख में संगीत और पैरों में नृत्य लगाते
रात–भर अपने समुहों में
सदियों पुरानी गीत दुहराते !
अंधेरी दुनिया के वासियों की
अंधेरे से उनकी यह अद्वितीय सम्मिलन देख
महत्त्वकांक्षी प्रकाश भी घबरा गया !
अंधेरे में वह उनसे वहीं जा मिला
खोदकर कुछ सुरंग
बारुद वहा बिछा दिया
अंधेरे की प्रकाश पुज को तो
संग लाया अपने
परन्तु एक चिंगारी वहां लगा दिया
तब से लेकर आज तक
जल रहा है पूरा जंगल
जल रहा है पूरा जंगल!

**...राकेश कुमार 'धनराज'**



## उरूभंगम का मंचन

रांची। झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय के प्रदर्शन कला विभाग के विद्यार्थियों द्वारा भास रचित नाटक उरूभंगम का मंचन किया गया। उरूभंगम भास के लोकप्रिय तेरह नाटकों में से एक है। महाभारत पर आधारित कथावस्तु वाले इस नाटक में प्रदर्शन कला विभाग के विद्यार्थियों ने अपने अभिनय का जौहर दिखाया। इस नाटक का निर्देशन विभाग के समन्वयक डॉ नरेश बुरला ने किया।

## कहानी

# गूलर का फूल

**डॉ. उपेंद्र 'सत्यार्थी', सहायक आचार्य, हिन्दी विभाग**

बहुत पुरानी बात है। किसी गाँव में एक बूढ़ी काकी रहती थी। नाम था अंजोरा देवी। लेकिन गाँव वाले उसे प्यार से अँजोरिया काकी कहकर बुलाते थे। उसके दो बेटे थे– सुनर और चनर। सुनर ग्यारह साल होते ही स्वर्ग



सिधार गया था। दूसरा बेटा चनर भी सोलहवें बरस में प्रवेश से कुछ माह पहले ही दुनिया से चल बसा। उस वक्त अँजोरिया काकी पर पहाड़–सा दुःख आ पड़ा था। बहुत मुश्किल से काकी ने अपने आप को संभाला था। तब पति चनेसर उसके साथ ही थे। दोनों एक दूसरे से बहुत प्रेम करते थे।

इस तरह पति–पत्नी ने मिलकर जल्द ही दुःख पर विजय प्राप्त कर ली। वरना दो–दो किशोर बेटों के असामयिक मृत्यु के बाद भला इतनी जल्दी कोई कैसे संभलता! खैर, दोनों सुखपूर्वक जीवन बिताने लगे। लेकिन विधाता का लिखा कौन जाने! कुछ ही वर्षों बाद काकी के पति चनेसर की भी जीवन लीला खत्म हो गयी। उसके बाद काकी के ऊपर असहनीय दुःख आ पड़ा। वह बिल्कुल अकेली हो गयी। उसका संघर्ष और भी बढ़ गया। लेकिन वह इस जीवन–संघर्ष से भी हार मानने वालों में से नही थी। उसमें गजब की जिजीविषा थी। कठिन परिस्थितियों से लड़ना खूब जानती थी। वह इससे भी जल्द मुक्ति पा ली। गाँव वालों के मन में भी काकी के प्रति बहुत सहानुभूति थी। वे काकी की बहुत इज्जत करते थे।

हालांकि काकी को कभी–कभी लगता था कि अब खुद के अलावा इस दुनिया में उसका कोई नही है। लेकिन गाँव वालों के अपार प्रेम को देखकर उसे सुकून मिल जाता था। अब काकी के मन में न तो किसी प्रकार का लालच रह गया था और न कोई मोह–माया। बस वह जीना चाहती थी। इसलिए कुछ ही दिन बाद अपनी पुस्तैनी घर–द्वार को छोड़कर गांव के बाहर पूरब दिशा में एक कुटिया बनाकर रहने लगी। कुटिया के सामने एक विशाल बरगद का पेड था। खूब छायादार। उसके ठीक पीछे एक नदी बहती थी। काकी सुबह–सुबह उठती और उस नदी में स्नान करती। फिर पूजा–पाठ करती। उसके बाद अपने खाने–पीने के इंतजाम में लग जाती। यही काकी की दिनचर्या थी। कुछ सालों तक काकी का यही सब चलता रहा। लेकिन जैसे–जैसे काकी की उम्र ढल रही थी वैसे–वैसे जीवन का संघर्ष भी बढ़ता जा रहा था। काकी को खाने–पीने और वक्त गुजारने में भी कठिनाई महसूस होने लगी।

एक दिन काकी के मन में विचार आया कि क्यों न गाँव के लोगो से कुछ दूध लेकर उसे दही बनाऊं और गाँव में बेचूं। वह गाँव वालो से दूध लेकर और दही बनाकर उसे बेचने लगी। वह रोज सुबह–सुबह अपने गाँव और पड़ोस के गाँवों मे जाकर दही बेचती थी। गाँव वालों के लिए अँजोरिया देवी अब बूढ़ी काकी हो चुकी थी। एक दिन की बात है। बहुत तेज धूप थी और खूब गर्मी भी। पसीने से तरबतर बूढ़ी काकी दही बेचते–बेचते बहुत थक चुकी थी। उसे एक छायादार पेड की जरूरत महसूस हो रही थी। ताकि थोड़ी देर आराम कर सकें। तभी उसे कुछ दूरी पर एक पेड दिखाई दिया। पेड़ गूलर का था। जैसे ही चलने को हुई उसे जोर की ठोकर लगी और सिर पर रखी दही की तसली समेत धड़ाम से नीचे जमीन पर गिर पड़ी। बूढ़ी काकी के पैर में हल्की चोट के अलावा कोई बड़ी चोट नही आयी। यह संयोग ही था वरना उम्र के अंतिम पड़ाव में आकर कोई ऐसे गिरे और उसे चोट न लगे। असंभव! खैर, तसली में जो भी दही बचा था वो भी गिर चुका था। यह देखकर बूढ़ी काकी को रोना आ गया। जब बर्दास्त नहीं हुआ तो फूट–फूटकर रोने लगी।

थोड़ी देर बाद बूढ़ी काकी जैसे–तैसे उठकर सबसे पहले दही की तसली को उठाया और उस गूलर के पेड के नीचे जाकर बैठ गयी। थोड़ी देर में ही बूढ़ी काकी को नींद आ गयी। जब नींद खुली तो शाम हो चुकी थी। बूढ़ी काकी अब जल्दी–जल्दी अपनी कुटिया में जाना चाहती थी। लेकिन वह जैसे ही खाली दही की तसली को उठाने के लिए आगे बढ़ी, उसे आश्चर्य का ठिकाना न रहा। देखा कि उसकी तसली दही से भर गई है और बाहर गिरने के कगार पर है। उसे कुछ भी समझ नही आया कि इतना सारा दही तसली मे कहाँ से आया। वह बहुत खुश हो गयी। खुशी के मारे बूढ़ी काकी फूले न समा रही थी। तुरंत उठी और दही की तसली को सिर पर उठाकर वहाँ से चल पड़ी। काकी दूसरे दिन इसी दही को बेचने के लिए सुबह–सुबह निकल पड़ी। दिन भर बेचती रही। अगले कई दिनों तक बेचती रही। गाँव वाले भी आश्चर्यचकित थे कि बूढ़ी काकी आजकल दूध किसी से नहीं लेती फिर भी इतना दही उसके पास कहाँ से आता है। इधर काकी का मन भी दही बेचते–बेचते उचट गया था और दही खत्म होने का नाम नहीं ले रहा था। जैसे ही दही बेचकर खत्म करती और अपने कुटिया मे जाने के बारे को सोचती, दही तसली मे भर आता।

एक दिन तंग आकर बूढ़ी काकी गाँव से बाहर दही से भरे तसली को पटक आयी और आकर अपने कुटिया में सो गयी। थोड़ी देर में बूढ़ी काकी सपने देखने लगी। सपने में उसने देखा कि एक साधु उससे कह रहा है कि श्काकी तेरे दही मे गूलर का फूल गिर गया है। अब तुम्हें दही की कभी कमी नही होगी। कितना भी बेचोगी अब खत्म नहीं होने वाला।

इतना सुनते ही बूढ़ी काकी की नींद खुल गयी। वहाँ से तुरंत भागी और उस जगह गयी जहाँ उसने दही की तसली को फेंका था। लेकिन काफी देर हो चुकी थी। उसने देखा कि जिस जगह दही की तसली फेंक आयी थी वहां दही का दरिया बह रहा है। बेचारी बूढ़ी काकी उदास मन से उलटे पांव अपने कुटिया लौट आयी और कुछ ही दिन बाद वह भी भगवान के प्यारे हो गयी। कहते है, आज भी जिस स्थान पर दही फेंका गया था वह श्दही गड़हाश के नाम से विख्यात है। वहाँ एक शिव मंदिर भी है और हर साल महाशिवरात्रि के दिन मेला लगता है।

**(कहानी भोजपुरी लोक–कथा पर आधारित है)**



शेख भिखारी

# MEMORABLE MOMENTS

August 2022, Issue-2, Page-5



ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव









































